रोजाना एक प्रश्न

श्री हीरालाल जाट वरिष्ठ अध्यापक (अंग्रेजी)
एक्सेल प्रोग्रामर व सॉफ्टवेयर मेकर
महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, बर, पाली

आज का टॉपिक

राजस्थान सरकार की फ्लैगशिप योजना के अंतर्गत iStart Rajasthan Start Up platform पर विद्यार्थियों का SSO ID के द्वारा लॉग इन आईडी बनाने की प्रक्रिया

iStart Rajasthan Start Up platform पर SSO-ID के द्वारा विद्यार्थियों की लॉग-इन आईडी

सबसे पहले Google पर जाकर iStart Rajasthan लिखकर सर्च करते हैं तो सबसे पहले सर्च रिजल्ट में iStart Rajasthan - Interested Startup platform for StartUp in Rajasthan मिल जाएगा, उसे ओपन करें। जैसे ही इस लिंक आप्सन से आप यह लिंक ओपन करेंगे तो iSTART site ओपन हो जायेगी। इस पर कुल 8 टैब वर्टिकल में मिलेंगे। इसमें दो नंबर पर school startup नाम से टैब मिलेगा। इस टैब के अंतर्गत कुल तीन आप्सन मिलेंगे , जिसमें पहला आप्सन है About > इसमें भी चार आप्सन है, जिसमें School, School Login, Mentor Teacher, Student है, इसमें आप Student आप्सन पर क्लिक करने पर एक नया विंडो खुलेगा। उस पर Apply Now का बटन मिलेगा जिस पर क्लिक करना है।

- Apply Now पर क्लिक करने पर सीधे SSO log in पर लेकर जायेगा।
- SSO-ID पर दो आप्सन मिलेंगे। Login और Registration, अगर विद्यार्थी का SSO पर पहले से रजिस्ट्रेशन नहीं हो रखा है तो आप रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करेंगे।
- रजिस्ट्रेशन टैब के अंतर्गत तीन आप्सन मिलेंगे। Citizen , Udhyog & Govt. Employee
- इनमें citizen पर क्लिक करके जनाधार, भामाशाह या गुगल आईडी के माध्यम से आप SSO ID बना सकते हैं। जिस माध्यम का युज कर रहे हैं, उसमें जो आपका मोबाइल नंबर लिंक है, उसी पर ओटोपी आयेगी। इसलिए वो मोबाइल नंबर अपने पास रखें।

अब निम्न प्रक्रिया अपनाएं :

- 1. एसएसओ आईडी बनने के बाद आप एसएसओ आईडी sso.rajasthan.gov.in पर लॉगिन करते हैं ।
- 2. Citizen App G2C टैब ओपन कर iSTART पर क्लिक करते हैं या iSTART एप्प सर्च करते हैं ।
- 3. इसके अंतर्गत विद्यार्थी का विवरण ओपन होता हैं।
  - Academic type में school पर क्लिक करें।
  - School type में Rajasthan Government या Other में से सलेक्ट करें।
  - Student code में विद्यार्थी की शाला दर्पण की nic ID लिखें।
  - स्टुडेंट का कोड लिखने पर नीचे का विवरण स्वत: आ जायेगा। नाम आदि हिंदी में अवश्य भरें। आधार नंबर, एड्रेस, लिंग व जन्मतिथि को चैक करें। त्रुटि होने पर या ओटो फिल नहीं होने पर जरूर एडिट करके लिखें।
  - Mobile no और Email ID दोनों को ओटोपी द्वारा वेरिफाई करें।
  - अन्य कोई उपलब्धि या इनक्यूबेशन से जुड़े हैं तो Yes/No पर क्लिक करके जानकारी भरे। अगर आप Yes कर रहे हैं तो दस्तावेज अपलोड करने का आप्सन मिलेगा।
- 4. उसके संस्था के विवरण का आप्सन मिलेगा। इसमें विद्यालय की प्रोफाइल iSTART पर कम्प्लीट हैं तो ज्यादातर एंट्री आटो फिल हो जायेगी। इन एंट्री को बारीकी से चैक कर लें । यदि उसमें कोई त्रुटि है या आप कोई करेक्शन करना चाहते हैं, तो कर सकते है।
- 5. अंत में Document checklist / दस्तावेज सूची का आप्सन मिलेगा। इसमें कुल तीन आप्सन मिलेंगे। जिसमें फोटो अपलोड का आप्सन mandatory है। इसके अलावा नेशनल आईडी कार्ड व स्टुडेंट आईडी कार्ड भी आप्सन है। लेकिन यह दोनों मेंडेटरी नहीं है।

इस प्रकार आप SSO पोर्टल पर iSTART start up platform पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

NOTE उक्त सामग्री सामान्य जानकारी हेतु साथियों को उपलब्ध कराई गई है, जो राज्यादेशों और अन्य कारणों से असंगत हो सकती है, ऐसी स्थिति में राज्यादेश के आधार पर आवश्यक निर्णय लिए जावे, **Paymanager Info** समूह के सदस्य और **rajsevak.com** किसी भी प्रकार जिम्मेदार नहीं होंगे।